भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.06.2019 के
तारांकित प्रश्न सं. 80 का उत्तर

ट्रेन 19 आरंभ करना

*80. डॉ. सुकान्त मजूमदार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 2014-19 के दौरान बलूरघाट से हिलि तक नई रेल लाइन की घोषणा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कया सरकार का ट्रेन 19 जो ट्रेन 18 (वंदे भारत एक्सप्रेस) का शयनयान मोड है आरंभ करने का विचार है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ) को ट्रेन 18 के नये मॉडल को बनाने का कार्य सौंपा गया है जिसमें ट्रेन 18 में वर्तमान में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ शयनयान श्रेणी के डिब्बे होंगे और यदि हां, तो तसंबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या आईसीएफ को कतिपय दक्षिण अमरीकी तथा दक्षिणपूर्व एशियाई राष्ट्रों से ऐसे डिब्बों के आयात की मांगें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

ट्रेन 19 आरंभ करने के संबंध में 26.06.2019 को लोक सभा में डॉ. सुकान्त मजूमदार के तारांकित प्रश्न संख्या 80 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): पश्चिम बंगाल में पड़ने वाली बालूरघाट और हिलि के बीच 29.60 कि.मी. लंबी नई लाइन परियोजना 2010-11 में स्वीकृत की गई थी। इस परियोजना की प्रगति धीमी है क्योंकि इसके लिए 167 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, जिसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव पहले ही प्रस्तुत कर दिया गया है, लेकिन भूमि अधिग्रहण संबंधी मामला पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के पास अभी तक लंबित है।

(ख): और (ग) जी हां। सवारी डिब्बा कारखाना चेन्नै में वन्दे भारत एक्सप्रेस के वातानुकूलित शयनयान श्रेणी वर्जन के लिए डिजाइन कार्य शुरु कर दिया गया है।

(घ): जी नहीं। सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै को दक्षिण अमरीका और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों से कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है।

****